SLRM सेंटर में कालेज के विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन–1 नेहरू नगर क्षेत्र के एस.एल.आर.एम. सेंटर में भिलाई नायर समाज कालेज के विद्यार्थियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। विद्यार्थियों को सोर्स सेग्रीगेशन का महत्व बताया गया। एस.एल.आर.एम. सेंटर की उपयोगिता एवं गार्बेज डिस्पोजल तथा होम कम्पोस्टिंग का विस्तार से जानकारी दिया गया।

स्वच्छता का संदेश देते हुए बताया गया कि सूखा कचरा नीला एवं गीला कचरा हरा डस्टबिन में अलग–अलग रखा जाना चाहिए। निगम का सफाई मित्र घरो से निकले कचरे को एकत्र कर एस.एल.आर.एम. सेंटर तक पहुंचाने का काम करते है। यह भी बताया गया कि स्वच्छता दीदीयां किस प्रकार कचरे से छिल्ली, पन्नी, धातु को अलग करते है। गीला कचरे को मशीन में डालकर खाद बनाने तक की प्रक्रिया को समझाया गया। वही खाद बागवानी में भी उपयोग में लाया जाता है। विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के साथ अपने घरो एवं आस–पास सफाई बनाये रखने कहा गया। साथ ही सोर्स सेग्रीगेशन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना सहित कालेज के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।